मंकीपॉक्स: निकट संपर्कों के लिए प्रश्नोत्तर

मुझे लक्षणों पर कब तक नजर रखने की आवश्यकता है?
मंकीपॉक्स संक्रमित व्यक्ति के साथ अंतिम निकट संपर्क के बाद 21 दिनों तक लक्षणों की जांच करें।

मुझे अपना तापमान कितनी बार देखना चाहिए?
बुखार की जाँच दिन में दो बार करें (सुबह और शाम)।

मुझे किन लक्षणों को देखना चाहिए?

- बुखार ≥100.4°F
- ठिठुरन
- नई सूजी हुई लिंफ नोड्स (गर्दन, बगल या कमर के आसपास)
- त्वचा पर नए चकत्ते

बुखार या चकत्ते होने पर मुझे क्या करना चाहिए?
तुरंत खुद को आइसोलेट करें और अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

यदि केवल ठिठुरन या सूजी हुई लिंफ नोड्स हों तो मुझे क्या करना चाहिए?

- 24 घंटे के लिए खुद को आइसोलेट करें और तापमान पर नजर रखें।
- यदि बुखार या चकत्ते हों, तो तुरंत अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।
- यदि बुखार या चकत्ते नहीं होते हैं, लेकिन ठिठुरन या लिंफ नोड्स सूजी हुई बनी रहती है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें।